| |
|---|
| दिनांक 07.12.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 11/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद रामपुर/थाना शाहबाद

**• 25–25 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 07-12-2025 को थाना शाहबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चन्दौसी रोड लक्खीबाग के पास से 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्तों 1–हरिओम 2–धीरसिंह 3–सत्यभान को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो थाना शाहबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना शाहबाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हरिओम निवासी ग्राम धुरियाई थाना शाहबाद जनपद रामपुर।

2–धीरसिंह निवासी ग्राम धुरियाई थाना शाहबाद जनपद रामपुर।

3–सत्यभान निवासी ग्राम धुरियाई थाना शाहबाद जनपद रामपुर।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना मुरादनगर

**• पुलिस कार्यवाही में 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

**• 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस**

**• 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 06-12-2025 को थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कन्नौजा से चित्तौड़ा जाने वाले तिराहे के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से

मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त आदिल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद व दिल्ली के विभिन्न थानो में डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 34 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना मुरादनगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 20 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मुरादनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आदिल निवासी पसोंडा थाना टीलामोड कमिश्नरेट गाजियाबाद, हालपता ईदगाह रोड हापुड़।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 मोटर साइकिल।

## जनपद इटावा/थाना कोतवाली

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 40 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि बरामद**

दिनांक 06/07-12-2025 को थाना कोतवाली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धूमनपुरा पुलिया के पास से अभियुक्त सत्यम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 40 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सत्यम निवासी टड़ैया इटैली थाना अछल्दा जनपद औरैया।

**बरामदगी**

1–लगभग 40 लाख रूपये कीमत की चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि।

## जनपद बहराइच/थाना हरदी

**● चोरी की घटना का अनावरण**

**● 05 अभियुक्त गिरफ्तार**

**● चोरी के पीली धातु (13-10 ग्राम) दृसफेद धातु (01 किलो 660 ग्राम)**

**● 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 07-12-2025 को थाना हरदी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शंकरपुर बीज वितरण दुकान के पास से अभियुक्त 1–अशोक कुमार 2–अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशादेही पर अभियुक्त 3–सूबेदार 4–धनाजी 5–करन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के पीली धातु (13-10 ग्राम) दृसफेद धातु (01 किलो 660 ग्राम), 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26/27-11-2025 को थाना हरदी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हरदी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद पीली–सफेद धातु आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना हरदी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अशोक कुमार निवासी ग्राम पचासा थाना ईसानगर जनपद लखीमपुर खीरी।

2–अजय कुमार निवासी खमरिया शुक्ला थाना हरदी जनपद बहराइच।

3–सूबेदार निवासी अरनवा थाना खैरीघाट जनपद बहराइच।

4–धनाजी निवासी कादीपुरा पूर्वी –2 थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच, मूलपता आठपाड़ी जनपद सांगली महाराष्ट्र।

5–करन निवासी नाजीरपुरा थाना नगर कोतवाली जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1–चोरी के पीली धातु (13-10 ग्राम) दूसफेद धातु (01 किलो 660 ग्राम)।

2–01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद कुशीनगर/थाना कोतवाली पडरौना

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 11 मोटर साइकिल व नगद रूपये आदि बरामद**

दिनांक 07-12-2025 को थाना कोतवाली पडरौना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 03 अभियुक्तों 1–शमशाद अंसारी उर्फ खरहा 2–अशोक 3–अनिल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 11 मोटर साइकिल व नगद रूपये आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शमशाद अंसारी उर्फ खरहा शातिर किस्म का अपराधी हैं, जिसके विरूद्व जनपद देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–शमशाद अंसारी उर्फ खरहा निवासी उर्दहा नं0–2 थाना रामकोला जनपद कुशीनगर।

2–अशोक निवासी बलुआ रेता थाना नदी जनपद पश्चिमी चम्पारण बिहार, हालपता विशुनपुरा थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर।

3–अनिल निवासी मदरहवा मूजा टोला थाना नदी जनपद पश्चिमी चम्पारण बिहार।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 11 मोटर साइकिल व नगद रूपये आदि।

———————